हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 2 मार्च 2025



तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 21. 0 डिग्री

2 मानिकपुर माइंस ने लगातार 11वें वर्ष कोयला उत्पादन का लक्ष्य किया हासिल



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय महिला फुटबाल खेल प्रतियोगिता आज

**सक्ती।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार तथा जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में खेलों इंडिया योजना के तहत अस्मिता सिटी लीग की शुरुवात की गई है। जिला खेल अधिकारी हरि पटेल से प्राप्त जानकारी अनुसार खेलों इंडिया योजना के तहत अस्मिता सिटी लीग का आयोजन सक्ती जिले में संचालित खेलों इंडिया लघु फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र रगजा सक्ती में रविवार 2 मार्च को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभाग अंतर्गत जिले में संचालित खेलो इंडिया लघु केन्द्र, खेलों इंडिया एक्सीलेंस सेंटर व विभागीय अकादमी के खिलाडियों व दल के मध्य प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी। साथ ही जिले में सक्रिय संबंधित खेल संघ संस्थाओं के खिलाडी, महाविद्यालय व विद्यालय के छात्राओं को सम्मिलत किया जा सकता है। उक्त आयोजन के अंतर्गत प्रातः 10 बजे से खेलो इंडिया लघु फुटबाल प्रशिक्षण केन्द्र रगजा सक्ती में महिला फुटबाल खेल प्रतियोगिता का एक दिवसीय आयोजन किया जा रहा है।

### अकलतरा जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 4 को

**अकलतरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन अधिनियम 1995 के अधिनियम 6 के अनुसरण में जनपद पंचायत अकलतरा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं उपसरपंच के निर्वाचन के लिए तिथि घोषित कर दी गई है। अकलतरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए एसडीएम विक्रांत अंचल को निर्वाचन अधिकारी एवं तहसीलदार के के जायसवाल को सहायक को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन प्रक्रिया 4 मार्च को जनपद पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी।

### जिला पंचायत सभाकक्ष में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव सुबह 11 बजे से

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति एवं तिथि निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार अपर कलेक्टर उज्जवल पोरवाल पीठासीन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर शशि कुमार चौधरी सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 5 मार्च को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सभाकक्ष में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत ग्राम पंचायतो का प्रथम सम्मिलन 3 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

### ओड़ेकेरा में निरंकारी संत समागम का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** सतगुरू माता सुदीक्षा हरदल सिंह महाराज के सानिध्य में जांजगीर ब्रांच का निरंकारी क्षेत्रीय संत समागम रविवार 2 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बैकुंठपुर मोहल्ला में शिव मंदिर प्रांगण ओड़ेकेरा में रखा गया है। निरंकारी संत प्रचारक राजेन्द्र प्रसाद मेहरा के सानिध्य में आत्यात्मक सत्संग का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर सभी प्रभु प्रेमी संत महात्माओं की उपस्थित होंगे। जांजगीर मुखीदास परसराज बजाज ने सभी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सत्संग का लाभ उठाने की अपील की है। सुबह 11 से 2 बजे तक सत्संग का आयोजन रखा गया है। सत्संग के पश्चात लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई है। आयोजक ने समस्त लोगों को क्षेत्र समागम कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। कार्यक्रम 11 बजे से 2 बजे तक होगा।

---

### लगातार तीन कार्यकाल बीजेपी की रही है सीट, कांग्रेस को दो बार मिला मौका

# जिला पंचायत में भाजपा के बाद कांग्रेस की हैट्रिक पर संशय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा













जिले की सबसे बड़ी पंचायत जिला पंचायत के गठन के बाद से लेकर लगातार तीन कार्यकाल तक भाजपा का कब्जा रहा है। इसके बाद यहां दो बार कांग्रेस को मौका मिला है, लेकिन अबकी बार हुए चुनाव में जो परिणाम सामने आए है। उसके आधार पर कांग्रेस की हैट्रिक पर संशय की स्थिति बनी हुई है। संख्या बल के आधार पर देखा जाए तो भाजपा का पलड़ा भारी है। तथापि विघ्न संतोषी और निर्दलियों को निशाने पर रखकर यहां दोनों ही पार्टियां जोर आजमाईश कर रही है।
वैसे तो पंचायत चुनाव दलीय आधार पर नहीं होते, लेकिन प्रमुख राजनैतिक दलों द्वारा अपने अधिकृत उम्मीदवार उतारे जाते है। सक्ती जिला के अलग होने के बाद जांजगीर चांपा जिला पंचायत में भी भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख पार्टियों ने अपने प्रमुख उम्मीदवार उतारे थे। इसके अलावा दोनों ही पार्टियों के कई प्रत्याशी भी मैदान में उतरे। जिनमें से कुछ लोग जीतकर भी आए है। ऐसी स्थिति में जीतने वालों को भी दोनों ही पार्टियों ने सर आंखों पर ले लिया है। अब यदि संख्या बल के आधार पर देखा जाए तो 17 सदस्यीय जिला पंचायत में भाजपा के सर्वाधिक 8 अधिकृत उम्मीदवार जीतकर कर आए है। वहीं दो लोग पार्टी के ही सदस्य है। ऐसे में भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 10 हो रही है। दूसरी ओर कांग्रेस के 3 अधिकृत प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए है, जबकि 2 लोग पार्टी के ही सदस्य है। ऐसे में कांग्रेस समर्थित सदस्यों की संख्या 5 बताई जा रही है। इनके अलावा 2 क्षेत्रों से निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीते है। इस तरह से देखा जाए तो भाजपा समर्थित सदस्यों की संख्या अधिक है। उल्लेखनीय है कि जांजगीर चांपा जिला बनने के बाद वर्ष 2000 में हुए पहले जिला पंचायत चुनाव से लेकर अब तक 5 कार्यकाल में से लगातार 3 कार्यकाल तक यानि 2015 तक भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य रहे है। इसके बाद वर्ष 2015 से 2025 तक यहां जिला पंचायत अध्यक्ष का पद लगातार 2 बार कांग्रेस के पास रहा। इस तरह से 5 में से 3 बार भाजपा को मौका मिला है और उसने अपनी हैट्रिक बना ली है, जबकि बीते 2 चुनाव में लगातार दो बार जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने के बाद अब कांग्रेस को इस चुनाव में हैट्रिक बनाने का अवसर मिला है, परंतु अबकी बार हुए चुनाव में जो परिणाम सामने आए है। उसके मद्देनजर इसकी संभावना नजर नहीं आ रही है। बावजूद इसके प्रत्याशी चयन और संख्या बल को लेकर जोड.घटाव और भीतरघातियों को साधने का काम हो रहा है।

#### 5 कार्यकाल में रहे हैं 6 अध्यक्ष

जिला पंचायत जांजगीर में गठन से लेकर बीते 5 कार्यकाल में 6 अध्यक्ष रहे है। बिलासपुर से अलग होने के बाद जांजगीर चांपा जिला पंचायत का पहला चुनाव वर्ष 2000 में हुआ, तब भाजपा समर्थित दिनेश गबेल प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 2005 के चुनाव में तत्कालीन मंडी अध्यक्ष रही श्रीमती कमला देवी पाटले जिला पंचायत की अध्यक्ष निर्वाचित हुई। इस दौरान वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कमला पाटले को अपना प्रत्याशी बनाया और वे सांसद निर्वाचित हुई तो जिला पंचायत अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया। इस दौरान भाजपा की ही श्रीमती नंदनी राजवाड़े अध्यक्ष बनी। इसके साल भर बाद वर्ष 2010 में हुए चुनाव में भाजपा की ही श्रीमती सूरज ब्यास कश्यप अध्यक्ष बनी। इस तरह से तीन कार्यकाल तक भाजपा अध्यक्ष यहां रहे। इसके बाद वर्ष 2015 में कांग्रेस के नंदकिशोर हरवंश जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुए, फिर 2020 के चुनाव में कांग्रेस की ही श्रीमती यनिता यशवंत चंद्रा जिला पंचायत अध्यक्ष बनी। हालांकि आखिरी दिनों में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली थी।

#### बसपा की उपस्थिति गायब

जांजगीर चांपा जिले में बसपा का प्रभाव शुरू से रहा है। जिला पंचायत के गठन से लेकर अब तक हुए चुनाव में भी बसपा की सतत उपस्थिति जिला पंचायत में रही है। ना केवल अध्यक्ष के चुनाव में बल्कि उपाध्यक्ष का पद भी बसपा के पास रहा है, वर्ष 2010 से लेकर 2015 तक बसपा के डॉ. रोहित डहरिया उपाध्यक्ष रहे। इसके अलावा सभापति सहित अन्य पद भी बसपा को मिलते रहे है, लेकिन अबकी बार जिला पंचायत में बसपा की उपस्थिति नजर नहीं आ रही है।

---



नदी से निकाला गया युवक का शव।

# देवरी पिकनिक स्पॉट के हसदेव नदी में डूबने से युवक की मौत

### जरा सी चूक साबित हो रही जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली में हसदेव नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक बिलासपुर में रहकर एलएलबी की पढ़ाई करता था। वह अपने दोस्तों के साथ पिकनीक मनाने देवरी आया था। नदी में नहाने के दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। रेसक्यू टीम को कई घंटे की मशक्कत के बाद उसकी लाश मिली।



बलौदा क्षेत्र में जिले का प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली है। यहां दूर दूर से लोग पिकनिक मनाने पहुंचते है। जिले के ग्राम बनारी का मूल निवासी 22 वर्षीय सप्रग्य पाण्डेय बिलासपुर में रहकर एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। शनिवार 1 मार्च को वह अपने कुछ दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने देवरी गया था। इस दौरान सप्रग्य अपने दोस्तों के साथ हसदेव नदी में नहाने उतरा। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल सका। सप्रग्य के दोस्तों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की खोजबीन के लिए रेसक्यू टीम बुलाई गई। रेसक्यू टीम को सप्रग्य पाण्डेय की लाश मिली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया। सप्रग्य के नदी में बहने पर स्थानीय लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन कोई भी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। रेस्क्यू टीम के पहुंचते तक काफी देर हो चुकी थी। देवरी पिकनिक स्पॉट पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन हादसों को रोक पाने में प्रशासन नाकाम है। न तो यहां सुरक्षा गार्ड तैनात हैं और न ही लाइफ बोट या बचाव उपकरण उपलब्ध हैं। नतीजा यह है कि हर साल कई लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सुरक्षा गार्ड और लाइफ गार्ड की तैनाती की जाए। खतरनाक क्षेत्रों को चिह्नित कर चेतावनी बोर्ड लगाए जाए। आपातकालीन बचाव उपकरणों की व्यवस्था की जाए। दरअसल देवरी में बहने वाली हसदेव नदी की गहराई सामान्य है, लेकिन चट्टानों के आसपास अचानक से गहराई बढ़ जाती है। पिकनीक मनाने आए लोगो को इसका अंदाजा नहीं लग पाता और नहाने के दौरान अचानक गहराई में चने जाने से हादसे का शिकार हो रहे है।

---

# सालों से बंद पड़े सीसीआई प्लांट को ड्राई पोर्ट बनाने से क्षेत्र में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सालों से बंद पड़े सीसीआई फैक्ट्री को ड्राई पोर्ट बनाए जाने की मांग तेज होती जा रही है। स्थानीय विधायक ने विधानसभा के सत्र में इसको लेकर सवाल उठाया। सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने इस दिशा में सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है। जिससे अब क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद जगी है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में अनुपूरक बजट के दौरान विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा नगर के बंद पड़े सीसीआई फैक्ट्री को ड्राई पोर्ट बनाए जाने की मांग की गई। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के मांग पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि उनके इस मांग को शान द्वारा संज्ञान में लिया गया है एवं इस दिशा में शुरुआती कार्रवाई की जा चुकी है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने सदन में बताया कि बंद पड़ी सीसीआई सीमेंट फैक्ट्री के पास सैकड़ो एकड़ शासकीय जमीन है जो राष्ट्रीय राजमार्ग 49 से लगी हुई है। यहां ड्राई पोर्ट खोलकर बड़ी संख्या में रोजगार सृजन किया जा सकता है। विदित हो कि केंद्र शासन की इकाई सीमेंट कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा 1974-75 में क्षेत्र के लगभग 800 एकड़ जमीन मे सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास किया गया था जिसमें सन 1980 से सीमेंट उत्पादन प्रारंभ हुआ था। लगभग 13 साल तक सुचारू रूप से उच्चतम गुणवत्ता युक्त सीमेंट उत्पादन होने के बाद खराब प्रबंधन के चलते 1993 में पूर्ण रूप से यहां सीमेंट का उत्पादन बंद हो गया। यहां के अधिकांश कर्मचारियों को सीसीआई के अन्य प्लांट में स्थानांतरित कर दिया गया एवं शेष बच्चे कर्मचारियों को वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम के अंतर्गत सेवानिवृत्ति प्रदान कर दी गई। फैक्ट्री के बंद होने के बाद यहां कार्यरत लोगों से रोजगार तो जाता ही रहा बल्कि इसके साथ ही सीसीआई फैक्ट्री में निवासरत हजारों परिवारों के चलते जो अन्य प्रकार के रोजगार सृजित हुए थे वह भी पूर्ण रूप से समाप्त हो गए। इसके साथ ही नगर एवं क्षेत्र का व्यापार भी अत्यधिक प्रभावित हुआ था। अब लगभग 32 वर्ष के बाद विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा बंद पड़े सीसीआई की फैक्ट्री को ड्राई पोर्ट बनाए जाने की मांग एवं शान द्वारा इस मांग के प्रति सकारात्मक रुख को देखते हुए क्षेत्रवासियों में फिर से ड्राई पोर्ट के माध्यम से नए रोजगार का सृजन होने से क्षेत्र के बेरोजगारों को बड़ी मात्रा में रोजगार मिलने की उम्मीद जगी है।

#### क्या होता है ड्राई पोर्ट

ड्राई पोर्ट या शुष्क बंदरगाह एक अंतर्देशीय इंटरमॉडल टर्मिनल होता है जो सीधे सड़क या रेल द्वारा किसी बंदरगाह से जुड़ा होता है, जो अंतर्देशीय गंतव्यों के लिए समुद्री माल के परिवहन के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करता है। यह भीतरी इलाके में स्थित एक समुद्री बंदरगाह के समतुल्य है। ड्राई पोर्ट पानी से दूर स्थित होते हैं। वे आम तौर पर अंतर्देशीय रेलवे स्टेशनों के करीब स्थित होते हैं। शुष्क बंदरगाह कंटेनरों की हैंडलिंग और अस्थायी भंडारण के लिए सेवाएँ प्रदान करता है।

---

## इम्तिहान...



**चांपा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा शनिवार 1 मार्च को शुरू हो गई। शनिवार को कक्षा 12वीं के हिन्दी विषय का पहला परचा हुआ। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। जिले में नकल का एक भी प्रकरण नहीं आया। फोटो : हरिभूमि

### बिर्रा में शिव संदेश सद्भावना रैली का आयोजन आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत सेवा केंद्र बिर्रा के द्वारा रविवार 2 मार्च को प्रातः 11 बजे से शिव संदेश जागृति रैली का आयोजन किया गया है। रैली संजय नगर बिर्रा के जय भारत स्कूल के पास से शुभारंभ होकर मुख्य मार्ग से बिर्रा बस्ती होकर चांपा रोड बाजार चौक तक जाएगी। उसके बाद शिव संदेश जागृति रैली बस स्टैंड चौक बिर्रा होकर केरा रोड होते हुए संजय नगर बिर्रा में जय भारत स्कूल के पास शिव संदेश जागृति रैली का समापन होगा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत सेवा केंद्र बिर्रा ने लोगों से उपस्थिती की अपील की है।

---

# क्रिकेट मैच में सट्टा खेलाते 2 आरोपी गिरफ्तार, नकदी 1 लाख बरामद

**जांजगीर-चांपा।** चैंपियन ट्रॉफी क्रिकेट में सट्टा खेलवा रहे दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। चाम्पा के भालेराय मैदान में बैठकर दोनों ऑनलाईन दांव लगवा रहे थे। दोनों के कब्जे से नकदी 1 लाख रुपए और दो मोबाईल बरामद किया गया। चाम्पा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है।



इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि भालेराय मैदान चाम्पा में दो युवकऑनलाइन सट्टा का दांव लगवा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो चाम्पा सोनारिन घाट निवासी 43 वर्षीय विजय कसेर और बरछा पारा निवासी 39 वर्षीय विजय कसेर मोबाइल के माध्यम से सट्टा खिला रहे थे। दोनों चैंपियन ट्रॉफी में ऑनलाइन आई डी के माध्यम से क्रिकेट का रुपये से दांव लगाकर हार जीत का सट्टा खिला रहे थे। दोनों के कब्जे से 1 लाख 500 रुपए नगद व दो मोबाइल बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

---

### अभियंता संघ के प्रादेशिक अधिवेशन में नई भर्ती और ओपीएस की उठी मांग

# ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ेंगी चुनौतियां, नवाचारों के लिए रहें तैयार : कटियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




स्टेट पावन जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक कटियार का स्वागत करते अभियंता

छत्तीसगढ़ अभियंता संघ के प्रादेशिक अधिवेशन का आयोजन अटल बिहारी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा के क्लब में आयोजित किया गया। अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के समस्त अभियंता शामिल हुए। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एस के कटियार के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक एस के कटियार ने कहा है कि ऊर्जा क्षेत्र में आने वाले दिनों में चुनौतियां और बढ़ेंगी और ऐसे में युवा अभियंताओं को नवाचार के लिए तैयार रहना होगा। श्री कटियार में कहा कि टीम वर्क के बगैर हमारी सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती इसलिए हमें मिलकर चलना होगा । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि वरिष्ठ इंजीनियरों के अनुभव और युवा अभियंताओं की ऊर्जा के समन्वित प्रयास से हम अपनी प्रगति को सुनिश्चित कर सकते हैं। अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर राजेश पांडे, महासचिव मनोज वर्मा,कार्यक्रम संयोजक एच एन कोसरिया,कोषाध्यक्ष शशांक श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अध्यक्ष राजेश पांडे ने पॉवर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कनिष्ठ स्तर पर नई भर्ती, अंतर कंपनी ट्रांसफर पर रोक समेत कई मांगे कंपनी प्रबंधन के समक्ष रखी। अधिवेशन के दौरान वरिष्ठ अभियंताओं पी एन सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, शरद श्रीवास्तव, मुकेश नाहर, संजय तैलंग, पी के खरे , सुनील विश्वास, राकेश शर्मा ,अनिल व्यास, एस के बंजारा, प्रवीण श्रीवास्तव, विनय पांडेय, विनोद अग्रवाल, सी एम बाजपई , मोहम्मद शाहिद खान को उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अधिवेशन में ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के लिए अभियंताओं की भूमिका तथा दक्षता सुधार पर विशेष तौर पर चर्चा की गई। इस मौके पर बदलते ऊर्जा परिदृश्य और अभियंता संघ के प्रयासों पर केंद्रित स्मारिका ऊर्जा संदेश का विमोचन भी किया गया। इसका संपादन ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर फेडरेशन की पत्रिका के संपादक इंजीनियर विनय पांडेय ने किया है। अधिवेशन में प्रदेश भर के 400 से अधिक अभियंताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर विनय पांडेय एवं आभार प्रदर्शन इंजीनियर एच एन कोसरिया ने किया।

---

# पामगढ़ में घर के सामने से बाइक पार, फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दो माह पूर्व हुए बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। मामला पामगढ़ थाना अंतर्गत जलसों गांव का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बिजेन्द्र कुर्रे निवासी ग्राम जलसों थाना पामगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 10 जनवरी की 10.30 बजे यह अपने मोटर सायकल सी.बी. साइन क्रमांक सीजी-12 ए. जेड. 0326 से पामगढ़ से चंडीपारा गया था। इस दौरान वह अपनी मोटर सायकल को दिग्विजय के घर के सामने खड़ा किया था। कुछ समय बाद वापस आया तो



मोटरसायकल वहां पर नही था, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पामगढ़ में धारा 303(2) बी एन. एस. कायम कर विवेचना में लिया गया था। मुखबिर सूचना मिला की आरोपी मोनू उर्फ कन्हैया कश्यप निवासी चंडीपारा थाना पामगढ़ का उक्त चोरी गए बाइक में घुम रहा है। आरोपी मन्नू उर्फ सुशील दिवाकर द्वारा चोरी करना जुर्म स्वीकार करने से गिरफ्तार कर 1 मार्च को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप



### श्रीगुरुगद्दी धाम पताढ़ी में आयोजित सतनाम मेले का समापन

**कोरबा।** श्री गुरुगद्दीधाम पताढ़ी के तत्वाधान में तीन दिवसीय गुरु पर्व समारोह व सतनाम मेला का आयोजन श्रीगुरुगद्दी धाम पताढ़ी में किया गया। अंतिम दिवस के कार्यक्रम में लोक गायिका किरण भारती एवं लोक गायक डॉ हृदय प्रकाश अनंत का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य अनंत सुष्मिता कमलेश ने भी अपनी उपस्थिति दी और अपने संबोधन में मेला आयोजन समिति को बधाई दिया। गुरुगद्दी धाम एवं मेला समिति पताढ़ी के अध्यक्ष लखन लाल लहरे, सचिव गेस राम मिरी, कोषाध्यक्ष कमलेश अनंत, सदस्य होरिल रत्नायका, पूर्व अध्यक्ष खोलबहरा रत्नाकर, आत्माराम पन्ना, रामचंद्र पाटले, शत्रुघ्न कमलेश कुर्रे, सुरेश दिवाकर, गणेशराम बघेल, जवाहर लाल डहरिया आदि ने योगदान दिया। सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ग्राम गोढ़ी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व्याख्याता डॉ सुरेन्द्र कुमार खुंटे को गुरुगद्दी धाम के अध्यक्ष लखनलाल लहरे ने शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही साथ भोजन समिति, पूजा समिति के कार्यकर्ताओं को भी प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।

### बौद्ध समुदाय को पूर्णरूपेण सौंपने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत, भीम आर्मी, मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा, तक्षशिला बौद्ध विहार समिति, ओबीसी मोर्चा भारत के साथ अनेकों संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर बिहार के बोध गया स्थित ऐतिहासिक बिहार प्रांत के बोधगया में स्थित ऐतिहासिक महाबोधि महाविहार को जो बीटी एक्ट 1949 की आड़ में कब्जा जमाया हुआ है।इस कब्जे को खाली करके पूर्णरूप से बौद्ध समुदाय को सौंपने हेतु पिछले 12 दिनों से बौद्ध गया में आल इंडिया बुद्धिष्ट फोरम द्वारा बौद्ध भिक्षुओं के नेतृत्व में सर्व समाज का आंदोलन चल रहा है। इस आंदोलन को समर्थन करते हुए ही आज सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत द्वारा जिला कलेक्टर माध्यम से 15 दिनों के अंदर समस्याओं का समाधान ना होने पर संपूर्ण भारत देश में जनांदोलन खड़ा करने की चेतावनी दी है।

### जिपं अध्यक्ष चुनाव के लिए कौशिक बने पर्यवेक्षक

**कोरबा।** जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के लिए सभी जिलों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा की गई है। जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष हेतु धरमलाल कौशिक को पर्यवेक्षक बनाया गया है। जिनके द्वारा कोरबा प्रवास के दौरान जिला पंचायत के अध्यक्ष हेतु संगठन बैठक लेकर नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के नामों पर चर्चा कर अंतिम मोहर लगाएंगे।

### साडा स्कूल में मना विज्ञान दिवस

**कोरबा।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय साडा में विज्ञान दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने विज्ञान के चलित मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। छात्राओं द्वारा विद्युत घंटी, वर्षा अलर्ट यंत्र, सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण, विद्युत के सुचालक-कुचालक, रेत घड़ी, पारंपरिक वाटर फिल्टर, सौरमंडल का चलित मॉडल आदि विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रयोगों को यंत्रों के माध्यम से दर्शाया गया।

जांजगीर, अकलतरा, चाम्पा, शिवरीनारायण, सक्ती मार्केट
ब्रान्डेड रेडीमेड कपड़ा शोरूम
COBB कंपनी के कपड़े पर 66% छूट 2 पे 4 फ्री
जान प्लेयर कंपनी के कपड़े पर 33% छूट
फायर सेफ्टी (अग्नि शानय यंत्र) 25% छूट
इंटीरियर सामान फर्नीचर किचन शोरूम 30% छूट
डोर एण्ड डोर (राजकोट) 33% छूट
फायर सेफ्टी रिफलिंग सुविधा उपलब्ध अब आपके शहर जांजगीर में
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
मो. 6260115021

## जिला पंचायत में भाजपा हावी, जनपद में मिश्रित समीकरण

# जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष पद के लिए सदस्यों में शुरु हुई जोड़तोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंचायत चुनाव परिणाम के बाद जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए जोड़ तोड़ शुरु हो गई है। चार और पांच मार्च को जनपद और जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव तिथि घोषित होने के बाद ग्रामीण

**खास बात**

- 4 और 5 मार्च को होगी चुनाव की प्रक्रिया

अंचलों में बैठकों का दौर शुरु हो गया है। जिला पंचायत में जहां भाजपा का दबदबा साबित हो गया है तथा जनपदों में मिश्रित स्थिति सामने आई है। पांचों जनपदों में किसी भी जनपद में स्पष्ट रुप से किसी भी राजनीतिक दल के दबदबे का माहौल सामने नहीं आया है।



फाइल फोटो

जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के जीत के अलावा भाजपा के ही बागी प्रत्याशियों ने ही जीत दर्ज की थी। आंकड़ों के अनुसार भाजपा का दबदबा जिला पंचायत में साबित हो चुका है। 12 में से 6 सदस्य उसके अपने जीत के आए हैं। इनके अलावा बागी प्रत्याशी भी चुनाव जीते हैं जिनमें क्षेत्र क्रमांक 1 से रेणुका राठिया, क्षेत्र क्रमांक 4 से सावित्री अजय कंवर शामिल हैं। इनके साथ ही जो भाजपा समर्थित प्रत्याशी चुनाव जीते हैं उनमें क्षेत्र क्रमांक 2 से सुष्मिता अनंत कमलेश, निकिता मुकेश जायसवाल, माया रुपेश कंवर, शांति मरावी और विनोद यादव शामिल हैं। इनमें अध्यक्ष के लिए प्रबल दावेदार के रुप में रेणुका राठिया को देखा जा रहा है जो भाजपा के संगठन में जिला मंत्री के पद पर काबिज हैं। साथ ही सावित्री अजय कंवर भी अध्यक्ष पद की दावेदारी में पीछे नहीं है। हालांकि दोनों प्रत्याशी बागी होकर चुनाव लड़े थे। इनके साथ ही पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीतकर आये पवन सिंह भी अध्यक्ष के दावेदारी में है। यह पार्टी पर निर्भर करता है कि वह किस पर विश्वास जताती है। अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव जीते रज्जाक अली भी दावेदारी कर रहे हैं। इनके साथ ही भाजपा के ही निकिता मुकेश जायसवाल का नाम चर्चा में है। सदस्य संख्या के आंकड़ों में भाजपा के 8 सदस्य होने के साथ उसके अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर काबिज होने की पूरी संभावना है।

**जनपदों में भी पद हथियाने की मची है होड़**

जनपद पंचायत कोरबा से लेकर जनपद पोड़ी तक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए दावेदार इस कदर सक्रिय हैं कि वे अपने अपने समर्थकों को साथ लेकर यात्रा पर निकल पड़े हैं। जनपदों में पार्टी समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा नहीं होने के कारण किसी भी जनपद में यह स्थिति स्पष्ट नहीं है कि भाजपा और कांग्रेस में से किसके कितने सदस्य चुनाव जीतकर पहुंचे हैं। जनपद कोरबा में गंगोत्री कंवर एवं मोनिका भगत का नाम अध्यक्ष के दावेदार के रुप में सामने लाया जा रहा है। उपाध्यक्ष के लिए नंदकुमार कंवर का नाम उभरा है। जिन्होंने जनपद अध्यक्ष हरेश कंवर को पराजित किया है। जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा में उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा के ही दो प्रबल दावेदार आमने सामने हैं। अक्षय गर्ग और प्रकाश जाखड़ दोनों जनपद सदस्य का चुनाव जीतकर पहुंचे हैं। जनपद पंचायत पाली में सत्यनारायण पैकरा का अध्यक्ष के लिए दावेदार के रुप में नाम चल रहा है, जिनकी पहचान कांग्रेस कार्यकर्ता के रुप में है।

## शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को 10 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवती को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले युवक के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 10 वर्ष सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए की सजा से दंडित किया है। अर्थदण्ड की राशि जमा ना करने पर आरोपी को एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। लोक अभियोजक मोहन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक 20 वर्षीय युवती की उमेश कुमार चिकनजुरी नामक व्यक्ति से जान पहचान हो गई थी और शादी करने का झांसा देकर उसके साथ वर्ष 2022 से लगातार दैहिक शोषण करते आ रहा था। जब युवती ने उमेश से शादी के लिए कहा तो वह शादी से मुकर गया और इसके बाद युवती ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी जिस पर पुलिस ने आरोपी उमेश कुमार के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में पेश किया था जहां मामले के सुनवाई आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर उमेश कुमार चिकनजुरी को न्यायालय ने 10 वर्ष सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से मोहन सोनी ने पैरवी की है।

## युवक की फंदे में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि जंगल साईड मेग्जिन ग्राउंड में एक सूने मकान के बाहर खिड़की में एक युवक का शव फांसी पर लटका हुआ है। इस सूचना पर सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट कोरबा से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह कोसरिया, वैज्ञानिक अधिकारी डॉ राजश्री सिंह, महिला आरक्षक रूबिना बेगम, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे और निरीक्षण किए। प्रथम दृष्टया मामले में मैग्जीन ग्राउंड निवासी सूर्यप्रकाश उम्र 21 वर्ष पिता शत्रुघ्न चौहान एक सूने मकान के खिड़की में आत्महत्या करना पाया गया। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

## पार्षद नरेन्द्र ने किया फीता काटकर नवीन चौपाटी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम के पार्षद एवं चौपाटी संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन ने गुरूवार शाम को स्मृति उद्यान के पीछे स्थित चौपाटी का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ कराया। उन्होंने चौपाटी संघ के सदस्यों व दुकान संचालकों को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। अब चौपाटी का विधिवत संचालन प्रारंभ हो गया है, जहाँ पर आमजन पहुंचकर अपने पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन व निगम प्रशासन की पहल पर घंटाघर मैदान में लगने वाले खान पान के ठेलों, दुकानों को स्मृति उद्यान के पीछे निर्मित चौपाटी में शिफ्ट किया गया है। गुरूवार शाम को चौपाटी संघ के अध्यक्ष व पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने चौपाटी संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों व अन्य नागरिकों की उपस्थिति में फीता काटकर चौपाटी का विधिवत शुभारंभ कराया, इसके साथ ही चौपाटी का संचालन प्रारंभ हो गया। अब आमजन चौपाटी में स्वादिष्ट व्यंजनों का पुनः लुत्फ उठा सकेंगे। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी रामकुमार राठौर, शैलेश सिंह सोमवंशी, कमलेश सोनी, हसीन अहमद, प्रेमनारायण वैष्णव, संतोष कुशवाहा, रिजवान खान, पुष्पेन्द्र राजपूत, राज सिंह, देव गुर्जर आदि के साथ चौपाटी संघ के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।



फीता काटकर चौपाटी का शुभारंभ करते पार्षद नरेंद्र देवांगन।

### दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**कोरबा।** जिले में दो अलग अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पहली घटना करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत चारमार मदवानी मुख्य मार्ग पर घटित हुई। जानकारी के अनुसार ग्राम मदवानी निवासी विशेष राठिया 18 वर्ष पिता भीखम राठिया शिक्षा के लिए बोतली स्कूल में पढ़ाई करता था। विशेष राठिया स्कूल से अपने ग्रहग्राम की ओर आ रहा था तभी मालवाहक पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 12 एएक्स 2263 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मोटर सायकल सवार विशेष राठिया की घटनास्थल मौत हो गई। हादसे की दूसरी घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र के गेरवाघाट में घटित हुई है। जहां एक चारपहिया वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए 13 वर्षीय हर्ष कुमार पिता प्रहलाद को अपनी चपेट में ले लिया। आनन फानन में हर्ष को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पीटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## कल्की का सुराग तलाशने पुलिस ग्रामीणों की ले रही है हैंड राइटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवापारा गांव में एक ग्रामीण की हत्या कर धमकी देने का मामला लगातार तुल पकड़ता ही जा रहा है। कई लोगों को जान से मारने की धमकी और अपने आप को कलकी का अवतार बताने वाले शातिर बदमाश की तलाश के लिए पुलिसिया जांच तेज हो गई है और पुलिस कलकी तक पहुंचने के लिए गांव के कुछ संदेहियों का हैंड राईटिंग सैंपल ले रही है जिसे जांच के लिए रायपुर भेजा जाएगा जहां से रिपोर्ट आने के बाद खुलासा होगा कि आखिर गांव में यह कारनामा कौन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि उरगा थाना क्षेत्र के नवापारा निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या के तीन दिन बाद पांच और लोगों की हत्या की धमकी दिए जाने का मामला गांव में व आसपास क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर इस हरकत को कौन अंजाम दे रहा है। यह पुलिस के लिए पहेली बना हुआ है। पुलिस हथियारों के गिरेबांह तक पहुंचने के साथ साथ दीवालों में धमकी भरा संदेश आखिर कौन लिख रहा है यह भी पुलिस को समझ नहीं आ रहा है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अब गांव में रहने वाले आधा दर्जन संदेहियों का हैंड राईटिंग ले रही है ।



## मानिकपुर माइंस ने लगातार 11वें वर्ष कोयला उत्पादन का लक्ष्य किया हासिल



खदान में लक्ष्य हासिल करने के पर खुशी जाहिर करते कोल कर्मी एवं अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर खुली खदान का वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोल उत्पादन लक्ष्य 52.50 लाख टन था जिसे एक माह पूर्व 27 फरवरी को ही हासिल कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014- 15 से लगातार मानिकपुर माइन ने अपना कोल उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने का रिकॉर्ड बनाया है।

महाप्रबंधक मानिकपुर एच के प्रधान ने सभी कर्मचारियों, अधिकारियों एवं श्रमिक प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि ये सफलता एक टीम भावना से सभी के अथक प्रयास का ही प्रतिफल है ये यहां की कार्यसंस्कृति है कि समय से पहले लक्ष्य प्राप्त कर लेते है कल से कोल उत्पादन का कार्य बंद रहेगा क्यों कि पर्यावरण अनुमति 52.50 लाख टन प्रति वर्ष की ही है जबकि ओबीआर निकालने का कार्य निरन्तर जारी रहेगा।

कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंड्या ने पूरी मानिकपुर की टीम को समय से पूर्व लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बधाई दी एवं बताया कि कोरबा एरिया का उत्पादन लक्ष्य 83.60 लाख टन है कोरबा एरिया ने अभी तक 70.45 लाख टन से ज्यादा कोयला का उत्पादन कर 85 फीसदी लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। मानिकपुर माइन कोरबा क्षेत्र की प्रमुख माइन है जहां से 75 फीसदी कोल उत्पादन की भागीदारी है इसके अलावा सरायपाली खुली खदान भी अपने उत्पादन लक्ष्य से अधिक उत्पादन करेगी अभी तक लगभग 15.75 लाख टन हो चुका है। इसके अलावा अंबिका खदान से भी इस वर्ष 2.50 लाख टन कोयले के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, अंबिका खदान में ओबीआर हटाने का काम शुरू हो रहा है और बहुत जल्द ही कोयला उत्पादन शुरू करेगी। मानिकपुर माइन मैनेजर जे सी ठाकुर ने सभी श्रमिकों प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता में ठेका श्रमिकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है मानिकपुर में अभी तक ओबीआर 104 लाख क्यूबिक मीटर निकाला गया है। महाप्रबंधक मानिकपुर ने इस सफलता के लिए सभी विभाग प्रमुख नरेश चौहान प्रबंधक (ई एण्ड एम), अविनाश ठाकुर माइन सुरक्षा अधिकारी, ओ पी सिंह इंचार्ज डिस्पैच, राहुल सक्सेना कोल इंचार्ज, सुरेश प्रसाद ओबी इंचार्ज, शक्ति कुमार सहायक प्रबंधक (कार्मिक), रविकांत शर्मा प्रबंधक (वित्त), अनुराग डेविड टोप्पो वरीय प्रबंधक (उत्खनन),एन के शर्मा एसओ (सिविल),एस एस साहू सर्वे अधिकारी सभी जे सी सी सदस्यों एवं ठेका कंपनियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### मनरेगा के दस हजार से अधिक श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीयन

**कोरबा।** मनरेगा के श्रमिकों को भी औद्योगिक श्रमिकों की भांति औद्योगिक अधिनियम के तहत लाभ दिलाने के लिए शुरु की गई पीएम मान धन योजना अंतर्गत महज 10 हजार 584 का ही श्रम विभाग में पंजीयन कराया गया है। जबकि मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों की संख्या इससे कई गुना अधिक है। श्रम विभाग ने इसके लिए योजना को लागू कर मनरेगा के श्रमिकों की पंजीयन प्रक्रिया भी शुरु की है। जागरुकता के आभाव में ग्रामीण अंचलों में काम करने वाले मनरेगा के मजदूरों का श्रम विभाग में पंजीयन नहीं हो पा रहा है। अब तक केवल 10 हजार 584 श्रमिकों का ही पंजीयन हो सका है। जिन्हें औद्योगिक उपक्रमों के श्रमिकों की भांति राज्य और केंद्र सरकार की सब्सिडी वाली योजना का लाभ मिल पा रहा है। जबकि मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों की संख्या 30 से 40 हजार है।

### प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन 3 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में 3 मार्च को प्लेसमेन्ट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से उत्कर्ष सिक्योरिटी सर्विसेस घंटाघर निहारिका कोरबा सम्मिलित हो रहा है। जिनमें सुपरवाईजर सिक्योरिटी गार्ड 20 पद, सिक्योरिटी गार्ड 70 पद, ऑफिस बॉय 30 पद, क्लीनर 20 पद, ऑफिस कार्य (केवल महिला) 35 पद, योग्यता- 8वीं, 10वीं 12 वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण इच्छुक आवेदक उक्त तिथि को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक उपस्थित होकर अपने योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज,
- पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661


जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
24/7 EMERGENCY SERVICES
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

1-Mar- KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 3/1/2025 8:34 PM Page 1





# अमेरिका में भी 'पुष्पा 2' के पीलिंग गाने की गूंज

**मुंबई।** दक्षिण भारत की फिल्म 'पुष्पा 2' काफी मशहूर हुई है। इस फिल्म को विदेशों में भी खूब पसंद किया गया। फिल्म के गाने भी काफी हिट रहे। फिल्म का गाना 'पीलिंग' बहुत मशहूर हुआ। एनबीए के ह्यूस्टन रॉकेट्स बनाम मिल्वौकी बक्स के हाफ-टाइम में प्रदर्शित किया गया। हाफ टाइम में इस गाने पर एक ग्रुप ने डांस किया। जिन लोगों ने गाने पर डांस किया उन्होंने नीली और गोल्डन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से फिल्म के स्टार अल्लू अर्जुन के प्रति सम्मान व्यक्त किया। 'पुष्पा 2' फिल्म पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई थी। फिल्म हिट रही थी। रिलीज होने के बाद यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

लाइफ Style

# अनन्या

## इन अभिनेत्रियों के निभाना चाहती हैं किरदार

अनन्या पांडे ने अपनी कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। हाल ही में अनन्या ने खुलासा किया कि वह करीना कपूर खान के किरदार पू और गीत को निभाना पसंद करेंगी। उन्होंने कहा कि वह करीना द्वारा निभाए गए किरदारों में से कुछ भी नहीं कर पाएंगी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अनन्या ने ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण की भूमिका का भी नाम लिया। हाल ही में दिए गए इंटरव्यू में अनन्या की फिल्म कॉल मी बे के डायरेक्टर कॉलिन डी'कुन्हा ने जब उनसे पूछा कि वह कौन से किरदार निभाना चाहेंगी। जवाब में अनन्या ने करीना कपूर खान की फिल्म कभी खुशी कभी गम की पू और जब वी मेट की गीत का नाम लिया, जो उनके दिल के सबसे करीब हैं। अनन्या ने कहा, मैं शायद करीना द्वारा किए गए काम का 0.1 प्रतिशत भी नहीं दे पाऊंगी, लेकिन वे बहुत मजेदार होंगे।

अनन्या ने आगे कहा की वह चमेली में करीना की भूमिका, लक बाय चांस में कोंकणा सेन शर्मा और ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण के किरदार को निभाने की चाहत रखती हैं। इसी इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे की फिल्म गहराइयां के निर्देशक शकुन बत्रा ने उनसे उनके ड्रीम रोल के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वह बायोपिक करना पसंद करेंगी। उन्होंने बताया कि उन्हें द क्राउन और स्पेंसर में प्रिंसेस डायना के किरदार देखने में मजा आया। अनन्या ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगी, लेकिन मुझे मधुबाला, मीना कुमारी और वहीदा रहमान जैसी 50 और 60 के दशक की मशहूर अभिनेत्रियों का किरदार निभाने की इच्छा है।



हॉलीवुड मसाला



# मुझे विश्वास नहीं हो रहा

**मुंबई।** बुधवार को हॉलीवुड के दिग्गज और ऑस्कर विजेता जीन हैकमैन का निधन हो गया। वह अपनी पत्नी बेट्सी अराकावा के साथ न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए। इस खबर ने दुनियाभर के सिनेमा प्रेमियों और इंडस्ट्रीज में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दुनियाभर के सेलेब्स ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अब बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है। अनिल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अभिनेता की तस्वीरों का एक कोलाज शेयर किया और साथ में लिखा, 'विश्वास नहीं होता कि दुनिया में अब जीन हैकमैन नहीं रहे।



# परिणीति ने शुरू की वेब सीरीज की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अब जल्द ही एक वेब सीरीज में नजर आएंगी, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। अनटाइटल्ड थ्रिलर-ड्रामा वेब सीरीज की शूटिंग को लेकर परिणीति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक अपडेट शेयर किया है। इस जानकारी से मिलने पर प्रशंसकों के बीच वेब सीरीज को लेकर उत्साह और अधिक बढ़ गया है। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरी पर सुबह शूटिंग के लिए सेट पर जाते हुए खास वीडियो शेयर किया है। शूटिंग लोकेशन का जिक्र किए बिना परिणीति ने कैप्शन में लिखा, 'चलो शूटिंग पर डे 7' जिससे पता चलता है कि शूटिंग शुरू हुए एक हफ्ता हो चुका है और शूटिंग का सातवां दिन है। इस सीरीज में परिणीति के अलावा सोनी राजदान, जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी और ताहिर राज भसीन नजर आएंगे।



# किआरा-सिद्धार्थ के यहां आने वाला है नन्हा मेहमान

**मुंबई।** किआरा आडवाणी सिद्धार्थ मलहोत्रा जल्द ही मां-बाप बनने वाले हैं। उन्होंने इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दी है। जैसे ही उन्होंने ये जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दी वैसे ही बधाइयों का दौर शुरू हो गया। कई फिल्मी सितारे जिनमें आलिया भट्ट, सामांथा रुथ प्रभु, फरहान अख्तर और ईशान खट्टर शामिल हैं, ने उन्हें बधाई दी है। पोस्ट पर आलिया भट्ट ने दिल कमेंट किया है। करीना कपूर ने लिखा है 'आपका अच्छा वक्त आ रहा है। भगवान आप पर दया करे।' ईशान ने कमेंट किया 'बधाई हो दोस्तों! और आप जल्दी बड़े हो जाओ छोटे। आपका सफर आसान हो।' रश्मिका मंदाना ने लिखा 'आप दोनों को बधाइयां।' सामंथा ने लिखा 'ओ मेरे भगवान। मुबारक हो।' फरहान अख्तर ने लिखा 'मुबारक हो।' किआरा और सिद्धार्थ ने अपने ज्वाइंट इंस्टाग्राम पर लिखा 'मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा तोहफा आ रहा है।'

# शुरू हुई ऑस्कर अवॉर्ड की उल्टी गिनती

**लॉस एंजिल्स।** अकादमी अवॉर्ड जिसे ऑस्कर्स के नाम से जाना जाता है, वह हर साल अमेरिका में होता है। इसका संचालन 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट एंड साइंस' की तरफ से किया जाता है। अवॉर्ड शुरू होने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। यह अवार्ड 2 मार्च को अमेरिका में होगा। भारत में दर्शक इस प्रतिष्ठित अवार्ड को स्टार मूवीज और जियो हॉटस्टार पर भारत के टाइम के हिसाब से सुबह 5:30 बजे देख सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें लिखा है कि '97वां अकादमी अवार्ड तीन मार्च को सुबह 5:30 बजे सिर्फ जिओ हॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीम होगा।' इस शो को कॉमेडियन और पोडकास्टर कैनन ओ'ब्रायन होस्ट करेंगे। पिछले साल इस अवॉर्ड को जिम्मी कैमल ने होस्ट किया था।

टीवी मसाला

# लिखते-लिखते हमको नींद आ गई, वो वहीं तक रह गया

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम और ट्विटर पर वे खूब मजेदार पोस्ट शेयर करते हैं। हालांकि, कई बार उनके पोस्ट फैंस को हैरान कर देते हैं। ऐसा ही कुछ पिछले दिनों हुआ, जब बिग बी ने एक पोस्ट में लिखा, 'टाइम टू गो'। इसके बाद फैंस परेशान हो उठे और इस ट्वीट का मतलब पूछने लगे। सोशल मीडिया पर उनके रिटायरमेंट तक के कयास लगाए जाने लगे। हालांकि, बिग बी ने 'कौन बनेगा करोड़पति' में इस वायरल पोस्ट पर चुप्पी तोड़ी है और सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। अमिताभ बच्चन अपने क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के प्रोमो में अपने उस ट्वीट पर बात करते दिखे हैं। दरअसल, एक फैन बिग बी से उस पोस्ट का जिक्र करती हैं। इस पर एक्टर कहते हैं, 'उसमें एक लाइन थी जाने का समय है, तो उसमें कुछ गड़बड़ी है क्या?' वहीं, एक अन्य फैन पूछती है- 'कहां जाने की प्लानिंग थी?' इसके बाद अमिताभ बच्चन ने अपने उस पोस्ट पर जवाब दिया। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'अरे भाई साब हमको काम पर जाने का समय आ गया है। गजब करते हो यार! और रात को जब यहां से छुट्टी मिलती है तो घर पहुंचते-पहुंचते एक-दो बज जाते हैं। वो लिखते-लिखते हमको नींद आ गई तो वो वहीं तक रह गया...जाने का वक्त और हम सो गए!' बता दें कि बिग बी की यह पोस्ट काफी तेजी से वायरल हुई थी। लोगों के मन में कई सवाल थे, उन सभी का जवाब आज खुद शहंशाह ने दे दिया है।



# 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' को मिले टॉप 5, अर्चना का कटा पत्ता

नई दिल्ली। टीवी के धमाकेदार शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इस शो में टीवी के कई नामी चेहरे नजर आ रहे हैं। 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के जरिए अब स्टार्स एक्टिंग के बाद नेशनल टीवी पर अपना कुकिंग स्किल्स दिखा रहे हैं। साथ ही शो के जजेस फराह खान, विकास खन्ना और रणवीर बरार को अपने डिसेस से इंप्रेस कर रहे हैं। 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' हाल ही में दीपिका कक्कड़ बाहर हो गईं। उनके जाते ही शो से उषा नाडकरणी का भी पत्ता कटा था। वहीं, अब एक्ट्रेस अर्चना गौतम भी शो से बाहर होने की खबर आ रही है। अर्चना को शो में एक स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट के तौर पर देखा जा रहा था। शो को इसके टॉप 5 फाइनलिस्ट मिल चुके हैं। इस लिस्ट में राजीव अदातिया, तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली, गौरव खन्ना और मिस्टर फैजू शामिल हैं। अब इन पांचों के बीच कांटे की टक्कर होने वाली है। वहीं, शो के जजेस यानी फराह खान, रणवीर बरार और विकास खन्ना के लिए ये तय करना बेहद मुश्किल होगा कि वो किसे विनर बनाएं और किसे बाहर करें।



# पं. नरेन्द्र ने हिंदी सिनेमा के लिए लिखे 100 से ज्यादा गीत

**नई दिल्ली।** पंडित नरेंद्र शर्मा ने भारतीय हिंदी सिनेमा के लिए कुछ ऐसे गीत लिखे, जो हमेशा के लिए सदाबहार बन गए, जैसे सत्यम शिवम सुंदरम। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा पास की और अंग्रेजी साहित्य में एम.ए. किया।



नरेंद्र ने साल 1934 में 'अभ्युदय' अखबार प्रकाशित किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'हमारी बात' थी। वे ऑल इंडिया रेडियो की विविध भारती सेवा के संस्थापक भी रह चुके हैं।

### सत्यम शिवम सुंदरम से मिली पहचान

*नरेंद्र शर्मा को राज कपूर की फिल्म सत्यम शिवम सुंदरम के इसी नाम से शीर्षक गाने की रचना के लिए जाना जाता है। इस गाने की सुंदरता, सत्य और इसकी दिव्यता के बारे में एक संदेश हैं। उस समय यह गाना इतना लोकप्रिय हुआ कि इस फिल्म के लिए नरेंद्र को उनका पहला फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।*

### अपना पिता मानती थीं लता मंगेशकर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लता मंगेशकर उन्हें अपने पिता के रूप में संबोधित करती थीं, जबकि उन्हें उनकी बेटी के रूप में संबोधित किया जाता था। ब्रिटेन के चैनल 4 के लिए नसरीन मुन्नी कबीर द्वारा निर्मित और निर्देशित लता मंगेशकर ने कहा था कि उन्होंने पंडित जी से बहुत कुछ सीखा है और उनकी सलाह के आधार पर जीवन की कई कठिनाइयों से निपट सकती हैं।

### महाभारत सीरियल के लिए भी लिखे गीत

प्रेम रोग, सत्यम शिवम सुंदरम, राधा कृष्ण, सागर, अफसर, ज्वार भाटा और हमारी बात के अलावा भी कई फिल्मों के लिए गाने लिखे। पंडित नरेंद्र शर्मा ने सौ से ज्यादा फिल्मों के लिए लिखा और लगभग सभी बड़े संगीत निर्देशकों और गायकों के साथ काम किया। वह टीवी सीरीज महाभारत के वैचारिक सलाहकार भी थे, जिसके लिए भी उन्होंने गीत लिखे थे। यह उनका आखिरी काम था और 12 फरवरी 1989 को, शो के ऑन-एयर होने के चार महीने बाद, 76 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई।

# पांच साल बाद कानूनी लड़ाई खत्म कर ली कंगना और जावेद अख्तर ने

तपन बक्सी ⏭ मुंबई

बहुत लोग जानते हैं कि 2020 से ही बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत और गीतकार-लेखक जावेद अख्तर के बीच कानूनी लड़ाई चल रही थी। 2016 में ऋतिक रोशन को लेकर कंगना रनौत एक विवाद में फंस गई थीं। उस समय, एक टीवी शो में कंगना ने दावा किया था कि अगर वह ऋतिक रोशन या उनके परिवार के खिलाफ कोई बयान देती हैं, तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी, ऐसा उन्हें जावेद अख्तर ने धमकाया था। न सिर्फ धमकी, बल्कि जावेद अख्तर ने कंगना के खिलाफ मानहानि का मुकदमा भी दायर किया था। करीब पांच साल तक यह मामला अदालत में चला, लेकिन अब दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया है। आज, मुंबई में कंगना रनौत ने जावेद अख्तर के साथ अपनी एक अनूठी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की और लिखा – !आज जावेद जी और मैंने हमारे बीच चल रहे मानहानि के मुकदमे को खत्म कर दिया। जावेद जी हमेशा से बहुत दयालु और नेकदिल इंसान रहे हैं। उन्होंने वादा किया है कि वह मेरी अगली निर्देशित फिल्म के लिए गाने लिखेंगे।'



गौरतलब है कि पांच साल पहले, कंगना रनौत ने एक बयान में कहा था – 'जब ऋतिक रोशन के साथ मेरा विवाद सार्वजनिक हुआ था, तब एक दिन जावेद जी ने मुझे अपने घर बुलाया था। वहां उन्होंने मुझसे कहा था कि ऋतिक रोशन के पिता, राकेश रोशन और उनका परिवार बॉलीवुड में बहुत प्रभावशाली है। अगर तुमने उनसे माफी नहीं मांगी, तो तुम्हारे पास बचने का कोई रास्ता नहीं होगा। वे तुम्हें जेल भी भिजवा सकते हैं। तब तुम्हारे पास खुद को खत्म करने (आत्महत्या) के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचेगा।'

# बिना हीरो वाली फिल्म, हीरोइन के दम पर सुपरहिट हुई कहानी

## बॉक्स ऑफिस पर लागत से 3 गुना ज्यादा बरसे थे नोट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिंदी सिनेमा के इतिहास में अब तक कई वुमन सेंट्रिक फिल्म बन चुकी हैं। ऑडियंस को इस तरह की फिल्में पसंद भी आती हैं। इस तरह की कई मूवीज बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफल रही हैं। आज हम आपको ऐसी ही एक मूवी के बारे में बताते हैं, जिसे हीरोइन ने अपने दम पर सुपरहिट करा दिया था।

अच्छी कहानियों के दम पर ही फिल्में चलती हैं। फिर फर्क नहीं पड़ता है उसमें हीरो या फिर हीरोइन। ऐसी ही एक मूवी साल 2024 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर लागत से 3 गुना ज्यादा कमाई कर सुपरहिट साबित हुई। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, उसका नाम है 'आर्टिकल 370'।




### आदित्य सुहास ने किया था डायरेक्शन

'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने न सिर्फ दमदार एक्टिंग की, बल्कि दमदार एक्शन करते हुए भी नजर आई थीं। उन्होंने अपने किरदार को निभाने के लिए खासी मेहनत की, जिसका असर बड़े पर्दे पर साफ नजर आया। इस फिल्म का डायरेक्शन आदित्य सुहास जंभाले ने किया था।

### आतंकवाद को रोकने पर आधारित थी फिल्म

इस फिल्म की कहानी कश्मीर में आतंकवाद को रोकने पर आधारित थी। यह मूवी आर्टिकल 370 को निरस्त करने की रणनीति के इर्द-गिर्द घूमती है। केंद्र सरकार की तरफ से इंटेलिजेंस ऑफिसर जूनी हक्सर (यामी गौतम) को एक खुफिया मिशन का जिम्मा सौंपा जाता है। फिर वह खूंखार आतंकवादियों से भिड़ जाती है।

### 2024 में हुई थी रिलीज

पॉलिटिकल ड्रामा थ्रिलर फिल्म 'आर्टिकल 370' साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसमें कोई हीरो नहीं था। लीड रोल यामी गौतम ने निभाया था। उनके अलावा प्रियमणि, अरुण गोविल, मोहन अघासे और अन्य कई सितारे अहम किरदारों थे। इस फिल्म में यामी गौतम ने अपनी दमदार एक्टिंग से ऑडियंस के दिलों को जीत लिया था।

### 35 करोड़ रुपए की लागत में बनी थी

सिनेमाघरों में रिलीज होते ही यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' छा गई थी और अपनी लागत से कई गुना ज्यादा मुनाफा कमाया था। आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह फिल्म 35 करोड़ रुपए की लागत में बनी थी और देखते ही देखते फिल्म ने 100 करोड़ की कमाई का आंकड़ा पार लिया था। भारत में 'आर्टिकल 370' ने 77.98 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। दुनियाभर में फिल्म की टोटल कमाई 105.01 करोड़ रुपए हुई थी। इस तरह फिल्म ने अपनी लागत से 3 गुना ज्यादा कमाई की थी। फिल्म का बॉक्स ऑफिस वर्डिक्ट सुपरहिट है।

### आदित्य धर ने किया था प्रोड्यूस

यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' को पति आदित्य धर ने ही प्रोड्यूस किया था। यह साल 2024 की सबसे पॉपुलर और कामयाब बॉलीवुड फिल्मों में से एक साबित हुई। आईएमडीबी पर यामी गौतम की फिल्म को 10 में से 7.8 रेटिंग मिली है। हाल ही में फिल्म की रिलीज को 1 साल हुआ है। इन दिनों यामी गौतम की 'आर्टिकल 370' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। यह यामी गौतम के कॅरियर की बेस्ट फिल्मों में से एक है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन कर किया ईडी का पुतला दहन



**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कचहरी चौक जांजगीर में शनिवार 1 मार्च को ईडी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य कर रहा है और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा प्रदेश कांग्रेस को जारी समन के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री द्वारा बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराए जाने के बाद भी जबरिया ईडी कार्यालय में प्रदेश महामंत्री को 8 घंटा बैठाया गया और आगामी 3 मार्च को पुनः ईडी कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जांजगीर चांपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक व्यास कश्यप, जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धिकी, विवेक सिसोदिया, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, अजीत सिंह राणा, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा , संतोष बबई गढ़वाल,राजेश अग्रवाल, सुनील साधवानी, शत्रुघ्न दास महंत, आभास बोस, नागेंद्र गुप्ता,अनिल मोदी, दीपक गुप्ता, अनिल राठौर, परमेश्वर निर्मले, आकाश तिवारी, राजा सिद्धकी, भोलू यादव, हीरा उपाध्याय, राघवेंद्र सिंह, हर्ष शुक्ला, अमन तिवारी, अनिल चौरसिया, पप्पू खान, रफीक खान,संतोष गुप्ता, लच्क्षी लदेर, पार्षद विजय अग्रवाल, अनीता प्रकाश, जगदीश्वरी सूर्यवंशी, रवि सूर्यवंशी, चंद्र कुमार ओग्रे, हितेंद्र हंसेलिया, विजय प्रकाश तिवारी, शांति कुमार, सुनील चौहान, विनय कुमार लदेर, विक्रम ओजस्वी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### क्षेत्र क्रमांक 8 लोहर्सी से प्रमिला चुनी गईं जिला पंचायत सदस्य

**तनौद।** तीसरे चरण में सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी प्रमीला अजय साहू ने जीत दर्ज करते हुए जिला पंचायत सदस्य चुनी गईं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की शुभा राघवेन्द्र प्रताप सिंह को कड़े मुकाबले में हराया। विदित हो कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीसरे चरण संपन्न हुआ है जिसमें क्षेत्र क्रमांक 8 लोहर्सी से निर्दलीय प्रत्याशी प्रमीला अजय साहू ने जीत दर्ज करते हुए जिला पंचायत सदस्य चुनी गयीं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 से 5 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे थे जहां कुल 35103 मत पड़े जिसमें विजयी प्रत्याशी प्रमीला अजय साहू को 14615 मत मिले वही दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी शुभा राघवेन्द्र प्रताप सिंह को 9165 मत प्राप्त हुए इस तरह से प्रमीला अजय साहू ने कड़े मुकाबले में 5450 मतों से जीत दर्ज किया बाकी अन्य तीन प्रत्याशियों को बहुत कम मत प्राप्त हुए। उनके जिला पंचायत सदस्य चुने जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## निधन

### सप्रज्ञ पाण्डेय



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम बनारी के प्रतिष्ठित नागरिक राकेश पाण्डेय के बड़े पुत्र सप्रज्ञ पाण्डेय (मनु) का शनिवार 1 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया है। वे 23 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार 2 मार्च को गृह ग्राम बनारी में किया जाएगा।

### श्रीमती जुगरी बाई

**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत भिलौनी के प्रतिष्ठित महिला श्रीमती जुगरी बाई का शनिवार 1 मार्च को



95 वर्ष आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अन्तिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। उनके अन्तिम यात्रा में परिजन एवं स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे सदाराम नारंगे, मनसरम नारंगे , संतराम नारंगे एवं भिलौनी सोसायटी के संचालक रथराम नारंगे की मां थी।

---

शीघ्र पूर्ण कर मनरेगा मजदूरी राशि जारी किये जाने के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

# जिपं सीईओ ने पीएम आवास निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण करते जिला पंचायत सीईओ।



हितग्राही से चर्चा कर जानकारी लेते गोकुल रावटे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने हितग्राहियों से बातचीत की और योजना के तहत आवास निर्माण एवं अन्य मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और किसी भी प्रकार की शिकायतों का जल्द निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास हितग्रहियों से अप्रारंभ आवासों को तुरंत प्रारंभ कराने तथा प्रगतिरत आवास के हितग्राहियों को शीघ्र आवास पूर्ण कराने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने शनिवार 1 मार्च को विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर वहां चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रगतिरत आवास निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पाली, बोड़सरा, कन्हाईबंद में निर्माणाधीन एवं अप्रारंभ आवासों का निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कर 90 दिवस मनरेगा मजदूरी राशि जारी किये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आवास हितग्रहियों से अप्रारंभ आवासों को तुरंत प्रारंभ कराने तथा प्रगतिरत आवास के हितग्राहियों को शीघ्र आवास पूर्ण कराने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होंने मज़दूरी भुगतान हेतु जारी हुए मास्टररोल और प्राप्त किस्तों की जानकारी भी ली। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने हितग्राहियों से बातचीत की और योजना के तहत आवास निर्माण एवं अन्य मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और किसी भी प्रकार की शिकायतों का जल्द निवारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## जर्जर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ होने से नगरवासियों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के शास्त्री चौक से अग्रसेन नगर तक निर्मित रेलवे ओवर ब्रिज के जर्जर होने से नगर वासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। शुक्रवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के द्वारा ओवर ब्रिज के ऊपर डामरीकरण कार्य प्रारंभ किए जाने से नगर वासियों ने राहत की सांस ली।

विदित हो कि पिछले तीन वर्षों से फोरलेन चौक तरौद से दीपका तक 59.2 किलोमीटर लंबा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण 146 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत रेलवे ओवर ब्रिज में डामरीकरण का कार्य भी किया जाना था, लेकिन ठेकेदार की लेट लतीफी के चलते रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर डामरीकरण का कार्य अभी तक नहीं किया गया था। रेलवे ओवर ब्रिज की सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने के कारण क्षेत्र वासियों को ओवरब्रिज से वागमन करने में अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रात के समय इन गड्ढों के कारण ट्रेलर, हाईवा एवं अन्य भारी वाहनों के चलने से होने वाले शोर के चलते ओवरब्रिज के दोनों और निवास करने वाले लोगों का जीवन दूभर हो गया था। ओवरब्रिज के ऊपर डामरीकरण कार्य प्रारंभ होने से नगरवासियों मैं चैन की सांस ली है।

- बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने के कारण क्षेत्र वासियों को आगवामन में हो रही थी परेशानी



## शिव महापुराण कथा सुनने बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के शांति मोहल्ला स्थित साहू निवास में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके उपलक्ष्य में तीन दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन सलखन भाठा गोधना में किया गया।

प्रवचन करता कामता प्रसाद शरण ने शिव की महिमा सुनाई जा रही है। ब्यास आचार्य ने कहा कि किसी भी कार्य को करने में सबसे पहले नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने समुद्र मंथन पर प्रकाश डालते हुए कहा जब सुर और असुर एक होकर मंथन करने लगे तो सबसे पहले हलाहल विष निकला जिसको देखकर देवता और दानव डर गए लेकिन भगवान शिव ने अपने कंठ में उसे धारण कर लिया और नीलकंठ कहलाए और सभी देवों ने शिव की महिमा का बखान किए। कामता प्रसाद ने आगे कहा कि वर्तमान घर में कलह होने का मुख्य वजह मोबाइल फोन है आज हम परिवार को छोड़कर के भौतिक वस्तुओं में खो गए हैं। उनके प्रवचन को सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

## लापरवाही, जीते हुए पंच प्रत्याशी को कर दिया हारा घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

अभी हाल ही में सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भारी लापरवाही देखने को मिल रहा है जहां एक विजयी पंच प्रत्याशी को हारा घोषित कर दिया गया और हारे हुए प्रत्याशी को पंच घोषित कर दिया गया।

विदित हो कि अभी हाल ही में सम्पन्न हुए पंचायत चुनाव में भारी लापरवाही सामने आई है। मामला जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत लतियाडीह का है, जहां के वार्ड क्रमांक 07 से जगेसर प्रसाद खूंटे और झाडूराम बंजारे दोनों प्रत्याशी पंच का चुनाव लड़ रहे थे। मतगणना के बाद मतों की गिनती की गयी, जहां टोटल 67 मत डाले गए थे, जिसमें जगेसर प्रसाद खुंटे को 42 मत प्राप्त हुए और दूसरे प्रत्याशी झाडूराम बंजारे को 25 मत प्राप्त हुआ था। इस तरह से जगेसर प्रसाद खूंटे 17 मतों से विजयी हो गया और पीठासीन अधिकारी ने गणना पत्रक प्रत्याशियों को दे भी दिया, लेकिन चुनाव के एक सप्ताह बाद जब प्रमाण पत्र देने की बारी आई तो उसमें हारे हुए प्रत्याशी झाडूराम बंजारे को विजेता घोषित कर दिया गया और विजयी प्रत्याशी जगेसर प्रसाद खूंटे को हारा हुआ प्रत्याशी घोषित कर दिया गया और बाकायदा पंच प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश भी जारी कर दिया गया और जब प्रमाण पत्र तामील किये जाने के समय यह खुलासा हुआ इस तरह से निर्वाचन कार्य में भारी




गड़बड़ी किया गया है जो कि यह दर्शाता है कि निर्वाचन पदाधिकारी कितना गैरजिम्मेदाराना कार्य कर रहे हैं। दूसरी तरफ जब इस बात की जानकारी विजयी प्रत्याशी को हुआ तो उसके होश फाख्ता हो गए अब वह अधिकारियों और कार्यालय का चक्कर काट रहा है लेकिन शनिवार छुट्टी होने के कारण उसे सही जवाब नहीं मिल रहा है। इस संबंध में निर्वाचन अधिकारी तहसील डभरा के तहसीलदार संजय मिंज ने कहा कि जानकारी मिली है। अभी प्रमाण पत्र तामील करने के लिए रोक लगा दिया गया है। वहीं इस संबंध में निर्वाचन के नोडल अधिकारी डभरा के अनुविभागीय अधिकारी (रा) बालेश्वर राम ने इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर से सम्पर्क करने को कहा गया।

## शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर शिक्षक हरनारायण हुए सम्मानित

**पामगढ़।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले हरनारायण कुर्रे प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डुड़गा, संकुल केंद्र मुड़पार (ब), पामगढ़ को शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें विनोबा शिक्षण उत्सव - 2025 के अंतर्गत प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ओपन लिंक्स फाऊंडेशन आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के तहत किया गया, जिसमें उनके सराहनीय प्रयासों को मान्यता दी गई। उनके समर्पण और सकारात्मक शिक्षण वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता ने छात्रों को प्रेरित करने और शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में जिले के कलेक्टर ने स्वयं हरनारायण कुर्रे को सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर जिले के अन्य शिक्षाविद, प्रशासनिक अधिकारी, और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। हरनारायण कुर्रे ने अपने इस सम्मान को विद्यालय और विद्यार्थियों को समर्पित करते हुए कहा मेरे लिए यह सम्मान प्रेरणास्त्रोत है, और मैं अपने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा देने के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगा।



## किसान सम्मेलन में दी गई योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

सेवा सहकारी समिति में किसानों का सम्मेलन आयोजित किया गया था, जहां पर क्षेत्र के सैकड़ों किसान उपस्थित थे जिन्हें शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया गया।

विदित हो कि सहकारिता विभाग द्वारा किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया था जो कि सेवा सहकारी समिति डभरा में आयोजित किया गया था सम्मेलन में सहकारिता विभाग के सीईओ कृष्ण कुमार राठौर ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 2025 को सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि बहुत जल्दी सेवा सहकारी समितियों में सीएससी सेंटर खोला जाएगा जिससे किसानों को किसी भी प्रकार के दस्तावेज बनाने में आसानी होगी। साथ ही उन्नत बीज, रासायनिक खाद, केसीसी ऋण,कीटनाशक दवाओं, धान खरीदी, उचित मूल्य की दुकान, पीएम गौपालन, बकरी पालन, मतस्य पालन के संबंध में जानकारी दिया गया। इसके अलावा धान खरीदी केन्द्र में उपलब्ध माईक्रो एटीएम के उपयोग करने के संबंध जानकारी दिया गया। वहीं उपस्थित किसानों से सुझाव भी मांगे गए जिसमें कई किसानों ने कृषि के क्षेत्र में आने वाली समस्याओं का अवगत कराया जिसमें सीईओ के द्वारा समस्या को दूर किये जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति डभरा के अध्यक्ष लीलाम्बर सिंह जगत, प्रबंधक दिलीप लांजेवार, उप प्रबंधक दीपक जाहिरी,जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक, सुपरवाइजर के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषकगण उपस्थित थे।



सम्मेलन में किसानों को जानकारी देते अधिकारी।

## इस्लाम धर्मावलम्बियों का पवित्र रमजान माह आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

इस्लाम धर्मावलम्बियों का पवित्र रमजान माह 1 मार्च को रात्रि तरावी की विशेष नमाज व सूर्योदय के पूर्व सैहरी करके रोजा रखना और सूर्यास्त के बाद इफ्तार करके रोजा खोलने का सिलसिला आरम्भ होगा, जो पूरे माह भर चलेगी।

पवित्र रमजान माह बारह महीनों में सबसे मुबारक महीना है। इस माह में प्रमुख ग्रंथ कुरान शरीफ नाजिल हुआ। पूरे माह में हर बालिग औरत और मर्द पर रोजा (उपवास) फर्ज किया गया। पवित्र रमजान माह के दिनों में रोजा (उपवास) और रात में ईसा के नमाज के बाद तरावी की विशेष नमाज अदा की जाती है। तरावी की विशेष नमाज कुरान की आयतों के साथ मौलाना हाफिजकारी गुलाम मुस्तफा पढ़ायेंगे। मदरसा-ए-मदनी कमेटी के अध्यक्ष रफीक सिद्धिकी ने बताया कि तरावी की नमाज के लिए माह भर रात्रि 8 बजे अजान व 8:30 बजे नमाज हेतु जमात हुआ करेगा। इस मुबारह एवं पवित्र माह के मौके पर मदीना मस्जिद नैला के पेश मौलाना हाफिजकारी गुलाम मुस्तफा ने रमजान माह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोजा बातनी इबादत है क्योंकि जब तक इसे किसी भी प्रकार से जाहिर नहीं किया जाता, उस वक्त तक पता नहीं चलता कि रोजा रखा है और उसका अर्ज (बदला) अल्ला ताला के हाथों से अता करता है। रमजान माह के लिए मदीना मस्जिद नैला में व्यापक तैयारियां कमेटी द्वारा की गई।

### रोजा रखेंगे मोमिन

**चांपा।** नगर के मुस्लिम धर्मालंबियों द्वारा बरकतों और रहमतों का पवित्र माह रमजान रविवार 2 मार्च से मनाया जावेगा। रमजान की पहली तरावीह शनिवार रात नगर में जामा मस्जिद के साथ कुल चार स्थानों पर अदा की जावेगी। यह जानकारी देते हुए स्थानीय सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर फैज अहमद ने बताया कि पवित्र रमजान माह रविवार 2 मार्च से मनाया जाएगा। इसे लेकर इफ्तारियों की तैयारी प्रारंभ हो गई है। शनिवार रात नगर में जामा मस्जिद सहित कुल चार स्थानों पर रमजान की पहली तरावीह अदा की जाएगी। शहर में सेवइयों की दुकान सजने लगी है और मोमिन तैयारियों में जुट गये है।

## स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार और व्यायाम जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल बिर्रा में शनिवार 1 मार्च को एक विशेष पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन एवं समग्र विकास पर विस्तृत चर्चा की गई।

- जय भारत स्कूल में पालक-शिक्षक बैठक के साथ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भाग लिया और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। इसी अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, सिकलीन इत्यादि की जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञों ने स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया। विद्यालय के संचालक श्याम चंचल चंद्रा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाते हैं। उक्त आयोजन को लेकर विद्यालय के समस्त पालकगण एवं ग्रामीण इस सराहनीय पहल की सराहना कर रहे है।



विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।







